कार्यालय कुलसचिव, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

ई– निविदा संख्या 65 एवं दिनांक 12.01.2026

निविदा कार्य –महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर परिसर स्थित समस्त उद्यानों के वार्षिक रख–रखाव एवं बागवानी

निविदा के कुल पृष्ठो की संख्या – 01 से 52

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

Check List

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर परिसर स्थित समस्त उद्यानों के वार्षिक रख–रखाव एवं बागवानी

बोलीदाता द्वारा तकनीकी पात्रता एवं शर्तों के अनुसार बोली प्रपत्र के साथ तकनीकी लिफाफा संख्या–01 में निम्न क्रमानुसार दस्तावेज पर पृष्ठ संख्या अंकित करते हुए प्रस्तुत करना सुनिश्चित करावें एवं समस्त कॉलम की पूर्ति आवश्यक रूप से करावें अन्यथा निविदा प्रस्ताव अमान्य घोषित की जा सकती है।

क्र0सं0	निविदा प्रपत्र में वर्णित तकनीकी बिड में पात्रता का विवरण	संलग्न हाँ/ना	संलग्नक का क्रमांक	दस्तावेज का जारी दिनांक	वैद्यता की अवधि
1.	पूर्ण हस्ताक्षरित निविदा प्रपत्र				
2.	उद्यानिकी में पंजीकरण सम्बन्धी प्रमाण पत्र				
3.	बोलीदाता फर्म का स्टेटस– एकल स्वामित्व/एच.यू.एफ./कम्पनी/साझेदारी/(प्रमाण संलग्न करें) (संलग्नक – I)				
4.	आयकर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड का विवरण व स्व–प्रमाणित प्रति				
5.	जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति व जी.एस.टी.संख्या **(संलग्नक – M)**				
6.	वर्ष 2024–25 का जी.एस.टी. शोधन/चुकता प्रमाण पत्र (GSTR-9, Latest GSTR-3B with ARN) **(संलग्नक – M)**				
7.	निविदा प्रपत्र का मूल्य 2000/– जमा का विवरण (डी.डी./बैंकर्स चैक मय संख्या व दिनांक)				
8.	आर.आई.एस.एल. प्रोसेसिंग शुल्क 1500/– जमा का विवरण (डी.डी./बैंकर्स चैक मय संख्या व दिनांक)				
9.	बोली सुरक्षा राशि जमा का विवरण (2 प्रतिशत) (डी.डी./बैंकर्स चैक)				
10.	फर्म के द्वारा निविदा शर्तों के साथ सहमति/ प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता एवं ब्लैक लिस्टेड/डिबार/convicted नहीं होने का/बोनाफाईड डीलर/सेवा प्रदाता होने का रूपये 100/– के **नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर नोटेराईज्ड** घोषणा पत्र **(Annexure-F)** (संलग्नक – G)				
11.	**कार्यानुभवः– गत 03 वर्षों में राजकीय/अर्द्ध शासकीय/स्वायत्तशासी संस्था आदि में उद्यान से सम्बन्धित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र मय कार्यादेश की प्रतियों के (Annexure 01) (संलग्नक – K)**				
12.	गत तीन वित्तीय वर्ष (2022–2023, 2023–24 व 2024–25) में प्रति वर्ष औसत न्यूनतम 30 लाख रूपये का वार्षिक **टर्न ओवर** होने का **सी.ए. द्वारा जारी प्रमाण पत्र** (संलग्नक – H)				
13.	बैंक खाते का विवरण (संलग्नक – J)				
14.	ई.पी.एफ., ई.एस.आई. जमा सम्बन्धी विवरण (संलग्नक – L)				
15.	दर निर्धारण प्रमाण पत्र (संलग्नक – E)				
16.	बोली दाता द्वारा घोषणा पत्र (संलग्नक – N)				
17.	उद्यान रख–रखाव हेतु उपकरण एवं सामग्री का विवरण (संलग्नक – P)				
18.	विश्वविद्यालय में परिसर स्थित भवनों की सूची (संलग्नक – O)				
19.	**अन्य कोई विवरण**				

नोटः– उपरोक्त दस्तावेज निविदा के मूल्यांकन हेतु आवश्यक है। अतः सभी दस्तावेज पूर्णतः यथानुसार संलग्न करना सुनिश्चित करें। **निविदा प्रपत्र के साथ कार्यालय द्वारा वांछित दस्तावेज ही प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।**

बोलीदाता के हस्ताक्षर

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

निविदा प्रपत्र

कुलसचिव,
म.द.स. विश्वविद्यालय,
अजमेर

विषयः– **कार्यादेश जारी होने की दिनांक से 2 वर्षों के लिये महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,अजमेर परिसर स्थित समस्त उद्यानों के वार्षिक रख–रखाव एवं बागवानी हेतु निविदा।**

1. निविदादाता फर्म का पूरा नाम एवं डाक का पता .....
.....
.....
2. दूरभाष नम्बर कार्यालय/दुकान. .....निवास .....
3. अधिकृत व्यक्ति का नाम .....जिनसे दूरभाष पर सम्पर्क किया जा सके ।
4. बोली प्रतिभूति राशि रू. ..... रसीद/बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक सं. ..... दिनांक ..... द्वारा जमा करा दी गई है ।
5. दरें स्वीकृत किये जाने की स्थिति में आदेश जारी होने की **तिथि से 15 दिवस** के भीतर कार्य प्रारम्भ कर दिया जाना अनिवार्य होगा।
6. निविदा सूचना सं. .....दिनांक .....जो .....समाचार पत्र के .....संस्करण में दिनांक ..... को प्रकाशित हुई है में एवं इस निविदा से संबंधित निविदा प्रपत्र एवं निविदा व संविदा की समस्त शर्तो का पालन करने के लिए हम सहमत है, जिसके प्रमाण स्वरूप निविदा प्रपत्र के समस्त पृष्ठों पर हस्ताक्षर कर दिए गए है ।

निविदाकार के हस्ताक्षर

मय मोहर

Open Competitive Bid for

ANNUAL MAINTENANCE AND GARDENING OF ALL GARDENS IN M.D.S. UNIVERSITY, AJMER PREMISES

Maharshi Dayanand Saraswati University, Ajmer
For Two Year (From the date of Work Order)

NIT No. F.2( )/MDSU/GAD/2026/ Dated :

Tender Inviting Authority (TIA):		Registrar, Maharshi Dayanand Saraswati University, Ajmer Rajasthan Tel. No: 0145-2787057 e-mail: registrarmdsu@gmail.com
Project officer In charge	:	Registrar, Maharshi Dayanand Saraswati University, Ajmer Rajasthan Tel. No: 0145-2787057 e-mail: registrarmdsu@gmail.com
Bidder information	:	Name of the Firm_____ Address : _____ _____ Contact Person: _____ (Authorized Bid Signatory) Tel. No:_____ Fax No:_____ Mobile No._____ E-mail address : _____ website: _____
Mode of bid submission	:	Through eProcurement / eBiding system at https://eproc.rajasthan.gov.in

Important Dates and information

Important Dates			
S.No.	**Events**	**Date**	**Time**
1.	Date of Issue of Notice Inviting BID (NIB)	12-01-2026	16:00 hrs
2.	Document Sale Start Date	13-01-2026	10:00 hrs
3.	Document Sale End Date	23-01-2026	14:00 hrs
4.	Seek Clarification Start Date	16-01-2026	11:00 hrs
5.	Seek Clarification End Date	17-01-2026	13:00 hrs
6.	Pre Bid Meeting Date	19-01-2026	13:00 hrs
7.	Pre Bid Meeting Place: Registrar Office, Chankaya Bhawan, MDS University, Kayad Road, Ajmer		
8.	Bid Submission End Date	23-01-2026	16:00 hrs
9.	**Last Date & Time of Submission of Hard Copy of D.D. and Annexure 2 and authority letter as mentioned in Tender document at MDSU, Ajmer**	24-01-2026	14:00 hrs
10.	Technical Bid Opening Date	24-01-2026	15:00 hrs
11.	Date & Time of Opening of Financial Bid	will be intimated to all the technically qualified bidders only	
12	Bid Vailidity Period	90 days from the last date of bid submission	

Important Information		
S.No.	**Detail**	**Amount**
1.	Bid Document Cost (**Non Refundable)** (Payable to Registrar, M.D.S,U., Ajmer)	Rs. 2000/-
	For Annual Maintenance of all Gardens in M.D.S. university, ajmer premises.	
2	Estimated Tender Value	Rs: 70.00 lacs
3	Bid Security (2% of Estimated Bid Value)	Rs.: 1,40,000/-
4	Performance Security Deposit Amount (5% amount of Tender Value)	
5	RISL Processing Fee (Non Refundable)	Rs.: 1500/-

Letter of Invitation and bidding process

For effective Annual Maintenance and Gardening of all Gardens in M.D.S. university, ajmer premises intends to award the work to competent and professional firm.

MDSU is issuing this Open Competitive Bid and the accompanying documents for inviting "bids" comprising Technical Proposal (or "Statement of Qualification") and Commercial Bid from eligible individual company/firm ("Bidder") as to select the firm for effective cleaning and Annual Maintenance and Gardening of all Gardens in the campus.

One stage two Bid Envelope selection procedure shall be adopted that will proceed as follows:

- The first envelpe proposal will consist of Technical Bid & second envelope will be the Commercial Bid. Commercial Bids of only technically qualified Bidders based on evaluation of the Technical Bid shall be opened. A decision as to whether or not a Bidder will be technically qualified will be based on the Bidder's experience and reputation and scrutiny of documents submitted by the bidder in support thereof.
- Each Bidder shall submit only one bid and bid must be delivered according to schedule.

Instructions to Bidder

1. Instruction to Bidders for online tendering (e-tendering)

   i- The bidders who are interested in bidding can download bid documents from https://eproc.rajasthan.gov.in.

   ii- Bidders who wish to participate in this e-bid will have to register on http://eproc.rajasthan.gov.in (bidders registered on eproc.rajasthan.gov.in before 30-09-2011 needs to register again). To participate in online tenders, Bidders will have to procure Digital Signature Certificate (type II or type III) as per Information Technology Act-2000 using which, they can sign their electronic bids. Bidders can procure the same from any CCA approved certifying agency, i.e. TCS, safecrypt, Ncode etc. or they may contact e-Procurement Cell, Department of IT & C, Government of Rajasthan for further assistance. Bidders who already have a valid Digital Certificate need not procure a new Digital Certificate.
   Contact No. 0141-4022688(help desk 10 am to 6 pm on all working days.)
   e-mail: eproc@rajasthan.gov.in
   Address: e-Procurement Cell, RISL, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur

   iii- Bidder shall submit their offer on-line in Electronic formats both for technical and financial proposal, however original D.D.for Tender Fees, Processing Fees and **bid security money, Annexure 1, 2 and Power of Attorny (If applicable) should be submitted manually in the office of Tendering Authority before closing date & time of technical bids submission and scanned copy of D.D. and Annexures should also be uploaded along with the online bid.** Failing which bid will be treated as unresponsive and will not be entertained.

   iv- Before electronically submitting the bid, it should be ensured that all the bid papers including conditions of contract are digitally signed by the bidder.

2. Cost of Bidding

   The Bidder shall bear all the cost incurred for preparing the proposal including expenses of travel and lodging that may be required including collecting information from the department and other communication required with the department regardless of the outcome of the bidding process.

3. The bidding comprises of two bid system i.e. Technical Bid and Financial Bid.

4. **Packaging the Bid**

The offer should be enclosed in a duly sealed envelope super scribed with bid reference number, work name, due date and bidder name. The envelope should contain two separate envelopes, the details of them are written below.

(EnvelopNo. 1) – Technical Bid, Annexure 1 and 2 and authority letter (If applicable)
(EnvelopNo. 2) – Financial Bid:- Financial Bid will be submitted online only.
Tender Document Fees, Bid Security money and RISL Processing Fees. (Demand Draft of RISL processing fee should be in favour of "Managing Director, RISL" payable at Jaipur) to be submitted before closing date & time of Technical Bid submission otherwise bid will be declared unresponsive and Technical Bid will not be opened.

5. Number of copies of the bid

The Bidder is required to submit one copy of the Technical Bid through eproc.rajasthan.gov.in by uploading all required and relevant documents.

6. Authentication of Bid

The original and all copies of the Bid Document shall be computer laser printouts and shall be signed by a person or persons duly authorized to bind the Bidder to the Contract. A duly stamped Power-of-Attorney accompanying the Bid Document shall support the letter of authorization. The person or persons signing the Bid Document shall initial all pages of the Bid Document.

7. Last date and time for receiving sealed offers

The copy of offer online in electronic should be submitted within the time as per Important dates and Information.

8. Pre-bid Meeting (PBM)

MDSU, Ajmer shall make best efforts to respond to any request for clarification for the Bid Document to the prospective Bidders. Such requests are to be made in writing and are to be received by the office of Deputy Registrar (GAD) MDSU, Ajmer at least 5 working days before the Pre-Bid Meeting as per the date and time mentioned in the important dates and Information. The clarification shall be made in writing to the extent possible. The format for request for clarification is given below.

Bidder Name and Address			
Date:		Bid Reference No:	
Sr. No.	Section Reference Number (SRN) and Description from RFP		Clarification Sought
	SRN	Description	
1	2	3	4

Queries not adhering to the format above or queries not received within the mentioned deadline shall not be taken up at the Pre Bid Meeting. MDSU, Ajmer shall not be responsible for any delay in receiving the clarification document including but not limited to any delays like postal delays.

9. Amendment of BID DOCUMENT

(i) Amendment of Bidding Document-- Any amendment issued shall be part of the Bidding Document and shall be uploaded on the eproc.rajasthan.gov.in and State Public Procurement Portal the Procuring Entity's web site & University Web site for prospective Bidders to download.

(ii) To give prospective Bidders reasonable time in which to take an amendment into account in preparing their Bids, the Procuring Entity may, at its discretion, extend the deadline for the submission of the Bids, under due intimation to the Bidders who have procured the Bidding Document from the Procuring Entity and also by uploading it on the eproc.rajasthan.gov.in and State Public Procurement Portal its official website & University Web site,

10. Prices must not be indicated in the **Technical Bid** and must be quoted in the **Financial Bid only.**

11. **Financial Bid**

Financial Bid should only indicate price without any condition or qualification whatsoever. Financial Bid should contain the bill of quantity - BoQ (Exactly in the excel format given on the eproc portal) and should be submitted online only. The financial offers should be complete in all respects and it should not contradict with the Technical Offer in any manner.

12. Bidders should give their best to best price for getting the bid awarded & express the price of their services in Indian currency only.

13. **Validity of Bids**

All Bids shall remain valid 90 days from the last date of bid submission.

14. The provisions of RTPP Act 2012 and Rules thereto shall be applicable for this procurement. Furthermore, in case of any inconsistency in any of the provisions of this bidding document with RTPP Act 2012 and Rules thereto, the later (RTPP act) shall prevail.

Brief Overview of the Project

The MDS University has various buildings units in its campus accommodating University offices, teaching departments boys & girls hostels, Central Library, V.C. Residence, Residential Buildings for teachers and employees, University Guest House, including roads, path ways, gardens, play fields, University health centre, Cafeteria etc. This project involves providing gardening services for the entire campus including all gardens & set back of all buildings and path ways within the campus.

The project will help in maintaining and gardening of all the gardens of the University.

कार्य का विवरण

विश्वविद्यालय परिसर में स्थित विभिन्न उद्यानों एंव भवनों के सामने स्थित सैट बैक रखरखाव व बागवानी के कार्य निम्नानुसार निष्पादित किए जाने हैं :–

1. **लॉन का रख रखावः–**
   - लॉन को नियमित रूप से सिंचाई करना लॉन किसी भी स्थिति में सूखा नहीं रहना चाहिए लॉन की सिचांई पाईप अथवा स्प्रिकंलर से ही करनी होगी जिससे विश्वविद्यालय के जल की बचत होगी। स्प्रिंकलर व पाईप की व्यवस्था संवेदक को अपने स्तर पर करनी होगी।
   - लॉन की नियमित रूप से कटाई करनी होगी।
   - लॉन कटाई पावर मशीन से करनी होगी। बिजली अथवा डीजल से चलने वाली मशीन का प्रयोग किया जा सकता है। बिजली विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी। डीजल अथवा पेट्रोल से चलने वाली मशीन हेतु डीजल पेट्रोल संवेदक को अपने स्तर एवं खर्चे पर व्यवस्था करनी होगी। इसके लिए कोई अलग से भुगतान देय नहीं होगा।
   - कैंची/हैजकटर पर धार ठीक प्रकार से होनी चाहिए। अन्यथा इससे पौधे खराब होनी की आशंका होती है।
   - आवश्यकतानुसार लॉन क्षैत्र पर भूढ़ा मिट्टी एवं खाद की परत बिछाने का कार्य उद्यान अधीक्षक के निर्देशानुसार करना होगा जिससे लॉन क्षैत्र चलने फिरने में समतल हो एवं क्षेत्र में कोई गड्डा इत्यादि न हों।
   - कीटनाशक, दीमकनाशक का प्रयोग प्रत्येक दो माह पश्चात् अथवा आवश्यकतानुसार करना होगा।
   - खरपतवार निकालते रहना चाहिए क्षेत्र सदैव खरपतवार मुक्त होना चाहिए।
   - फर्टिलाइजर निर्देशानुसार देना चाहिए जिससे लॉन हरा भरा दिखाई दें।
   - कटाई के तुरन्त बाद लॉन क्षैत्र की एजिंग का कार्य खुरपी से करना होगा।
2. **हैज का रखरखावः–**
   - हैज की कटिंग का कार्य नियमित रूप से करना होगा। कटिंग बिजली के हैज ट्रिमर अथवा कैंची से करना होगा।
   - हैज रोग मुक्त कीटों से मुक्त होनी चाहिए। किसी भी प्रकार का रोग लगने पर कीटनाशक एवं फंफूदीनाशक दवाईयों का प्रयोग उद्यान अधीक्षक की सलाह पर करना होगा।
   - दीमक नाशक दवाईयों का प्रयोग भी समय समय पर करना होगा।
   - हैज की कटिंग समान ऊँचाई एवं आकृति पर एक लेवल में काटनी होगी । काटे गए हिस्से कचरे पत्ती इत्यादि को बताऐ गए स्थान पर फैंकना होगा।
   - हैज में पानी नियमित रूप से देना होगा। हैज में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए।
   - हैज में तीन माह में एक बार खाद एवं फर्टीलाइजर देना होगा।
3. **फुलवारी की क्यारियों का रखरखावः–**
   - मौसम के अनुसार वर्ष में तीन बार सर्दी, गर्मी एवं बरसात की फुलवारी की किस्मों को लगाना होगा।
   - फुलवारी लगाने से पहले क्यारियों को भली–भांति ठीक प्रकार से गैंती से खुदाई करके जंगली घास की जड़ें, पत्थर जंगली खरपतवार से मुक्त करना होगा। तत्पश्चात् क्यारी अथवा प्लान्टर को धूप में सात दिन खुला छोड़ना होगा। वर्ष में तीन बार सर्दी, गर्मी एवं बरसात की (प्रति सीजन)
   - लगभग 1000 गमले फुलवारी के तैयार करने होंगे। गमले एवं मिट्टी, खाद विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाए जाऐंगे।
   - क्यारी की तैयारी के पश्चात् क्यारी में फफूंदी नामक दवा दीमक की दवा एवं फर्टीलाईजर को ठीक प्रकार से मिट्टी में मिलाकर तैयार की गई पौध को लगाना होगा। कीटनाशक दवा अधीक्षक के निर्देशानुसार उपयोग में लानी होगी।
4. **टोपेयरी का रखरखावः–**
   - टोपेयरी से तात्पर्य है कि यह वह कला है जिसमें झाड़ियों एवं छोटे पेड़ों को सुंदर कलात्मक आकार दिया जाता है। अतः जिन झाड़ियों एवं हैज पेड़ इत्यादि को आकार दिया गया है। उसे नियमित रूप से प्रत्येक माह में एक बार काटना आवश्यक होगा।
   - कीट बीमारी इत्यादि की रोकथाम के लिए कीटनाशक का प्रयोग करना होगा।
5. **समस्त पेड–पौधों /क्यारियों / उद्यानों में नियमित पानी की पिलाई उपरोक्तानुसार एवं निराई –गुडाई एवं उद्यानों का रख–रखाव व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।**
   - पेड़ों में कीट, रोगों, दीमक इत्यादि का नियमित रूप से जांच होनी चाहिए। आंशका होने पर तुरंत उद्यान अधीक्षक की सलाह पर कीटनाशक, दीमक नाशक एवं फंफूदी नाशक दवाओं का प्रयोग करना होगा। ठेकेदार के द्वारा कीटनाशक दवा उपलब्ध करानी होगी। जिसका भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा अलग से देय होगा।
   - खाद एवं फर्टीलाइजर वर्ष में दो बार प्रयोग करना होगा। सभी पेड़ों की ट्रिमिंग एवं प्रूनिंग इत्यादि का कार्य उद्यान अधीक्षक के निर्देशानुसार करना होगा।
   - पेड़ों के तनों तिरंगा रंग रोगन का कार्य वर्ष में दो बार निर्देशानुसार करना होगा। (डिको पेन्ट करना होगा)

6. **<u>परिसर के सभी भवनों के आस–पास बाउण्ड्री वॉल के अंदर , बाहर एवं भवनों की छत पर जंगली घास, जंगली झाड़ियों को काटकर फैंकने का कार्य।</u>**

   - विश्वविद्यालय के सभी भवनों की बाउण्ड्री वॉल के अंदर, बाहर एवं भवनों की छत पर उगी हुई जंगली घास, अवांछित पेड़–पौधें, जंगली झाड़ियों इत्यादि को श्रमिकों द्वारा कटवाकर दूर स्थान पर निर्देशानुसार फैंकना होगा। यह कार्य प्रतिदिन सुनिश्चित करना होगा।

7. **<u>विश्वविद्यालय परिसर के फुटपाथ एवं उनके किनारे मुख्य मार्ग एवं उपमार्गों की जंगली घास, जंगली झाड़ियों इत्यादि को श्रमिकों द्वारा कटवाकर, ट्रेक्टर ट्रॉली में डलवाकर दूर स्थान पर फैंकने का कार्य प्रति माह करना होगा। ट्रेक्टर ट्रॉली विश्वविद्यालय के स्तर पर उलब्ध करायी जायेगी।</u>**

   - निरीक्षण के दौरान कभी भी कोई जंगली घास एवं झाड़ियां फुटपाथ के किनारों पर नहीं दिखाई देनी चाहिए।

8. **<u>मिट्टी एवं सीमेन्ट के गमलों में फुलवारी एवं आलकृंत पौधों का रखरखाव का कार्य</u>**

   - विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाए गए मिट्टी/सीमेन्ट के गमलों में उपलब्ध करवाई गई मिट्टी खाद को मिलाकर गमले भरकर मौसमी फुलवारी लगाने का कार्य करना होगा।
   - विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध अलंकृत पौधों को गमलों में लगाकर उनकों नियमित रूप से पानी देना एवं रखरखाव का कार्य करना होगा। सहायक कुलसचिव (सा.प्र.) उद्यान अधीक्षक द्वारा प्रतिदिन कार्य संबंधित ठेकेदार द्वारा नियुक्त सुपरवाईजर को बताया जाएगा व उसके द्वारा कार्य की प्रगति उद्यान अधीक्षक को देनी होगी।
   - वर्ष में एक बार वृक्षारोपण समारोह की व्यवस्थाए सुनिश्चित करनी होगी।
   - वर्ष में एक बार पुष्प प्रदर्शनी की व्यवस्था में सहयोग करना होगा।
   - संवेदक को श्रमिकों की हाजरी अपने स्तर पर संधारित करनी होगी। जिसे प्रतिदिन उद्यान निरीक्षक से प्रमाणित कराना होगा।
   - बागवानी के रखरखाव अथवा श्रमिकों की कमी पर अनुपातिक रूप से कटौती प्रभावी होगी। संवेदक को श्रमिकों के भुगतान संबंधी बैंक विवरण प्रस्तुत करना होगा।

9. **निविदा प्रपत्र में उल्लेखित अन्य शर्तें एवं कार्य का विवरण इस कार्यादेश का भाग होगी।**
10. **कार्य संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर कुलगुरू महोदय, की अनुशंसानुसार फर्म को दो नोटिस चेतावनी स्वरूप देकर कार्यादेश रद्ध कर दिया जाएगा।**
11. **विश्वविद्यालय के वनस्पति विभाग के लिए पेड़–पौधे लगाने एवं उनका रख–रखाव विभागाध्यक्ष के निर्देशानुसार करना होगा।**

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

निविदा की शर्ते

1. निविदादाता फर्म को उद्यानिकी सम्बन्धी कार्य में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
2. निविदादाता अपनी निविदाएं तकनीकी बिड व वित्तीय बिड में सील्ड बंद लिफाफे में पृथक रूप से देंगे तथा दोनों लिफाफे को एक बडे लिफाफे में रखकर सील्ड बंद करके निर्धारित समय पर विश्वविद्यालय, अजमेर में मय अमानत राशि की रसीद सहित प्रस्तुत करना होगा ।
3. निविदादाता अमानत/बयाना राशि रू. 140000/– डीडी/बैंकर चैक के रूप में यथा समय जमा करवाकर विश्वविद्यालय से रसीद लेनी होगी तथा निविदा फार्म के साथ संलग्न करनी होगी ।
4. निविदादाता को निविदा में अंकित समस्त कार्य पूर्ण करना होगा, कार्य पूर्ण नहीं करने की दशा में अन्य व्यवस्था करके पूर्ण करवाया जावेगा जो कि संवेदक की जोखिम पर करवाया जायेगा । अपूर्ण कार्य को पूर्ण कराने पर अधिक राशि देने की स्थिति में संवेदक से वसूली की जावेगी तथा धरोहर राशि जब्त की जावेगी ।
5. निविदा में अंकित समस्त कार्य संवेदक को करना होगा तत्पश्चात् प्रतिमाह की 7 तारीख तक बिल बना कर देना होगा जिसे सहायक अभियन्ता/उद्यान अधीक्षक/सहायक कुलसचिव सा.प्र. सत्यापित करेगा ।
6. निम्न मामलों में निविदा अमानत राशि जब्त की जावेगी–
   (1) एग्रीमेंट नहीं की जाने की स्थिति में ।
   (2) धरोहर/सुरक्षा राशि समय पर जमा नहीं कराने की स्थिति में ।
   (3) कार्य निर्धारित समय पर प्रारम्भ नहीं करने की स्थिति में ।
   (4) RTPP Rules के अनुसार सत्यनिष्ठा भंग करने की स्थिति में ।
7. निम्न मामलों में धरोहर/सुरक्षा राशि जब्त की जावेगी–
   (1) संविदा की शर्तों का उल्लंघन करने की स्थिति में ।
   (2) कार्य करने में असमर्थ रहने की स्थिति में ।
   (3) संवदेक को धरोहर राशि जब्त करने के लिए लिखित में नोटिस दिया जावेगा ।
8. अमानत/धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा । अमानत राशि संवेदक की सहमति पर धरोहर/सुरक्षा राशि में समायोजन हो सकेगा ।
9. सामान्य वित्तीय एंव लेखा नियम 68 की अन्य शर्तों की पालना करनी होगी ।
10. कार्य समय पर पूर्ण नहीं करने पर निम्न प्रकार से शास्ती लगाई जावेगी । यह शर्त वित्तीय बिड में वर्णित समस्त कार्यों पर लागू होगी ।
    (1) कुल निर्धारित समय से 1/4 समय का विलम्ब होने पर शेष रहे कार्य की 2.5 %
    (2) कुल निर्धारित समय से 1/2 समय का विलम्ब होने पर शेष रहे कार्य की 5 %
    (3) कुल निर्धारित समय से 3/4 समय का विलम्ब होने पर शेष रहे कार्य की 7.5 %
    (4) कुल निर्धारित समय से बराबर विलम्ब होने पर शेष रहे कार्य की 10% तक ।
    इस प्रकार कुल अधिकतम शास्ती 10% से अधिक नहीं होगी ।
11. अनुमोदित ठेकेदार के सम्बन्ध में यह समझाा जायेगा कि उसने कार्य सम्बन्धी समस्त शर्तों के विस्तृत विवरण की जानकारीप्राप्त कर ली, कार्य आदि किसी अर्थ के सम्बंध में यदि कोई संदेह हो तो उसे (ठेकेदार को) हस्ताक्षर करने से पूर्व कुलसचिव से पूछताछ कर लेनी चाहिए और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लेना चाहिए ।
12. ठेकेदार सम्बंधित कार्य का ठेका अन्य किसी दूसरे फर्म/व्यक्ति को सबलेट नहीइं कर सकेगा ।
13. निविदा स्याही से भरी जानी चाहिए । निविदा में कोई परिवर्तन/ओवरराईटिंग नहीं किया जाना याहिए ।
14. निविदाकार कउे निविदा और कार्य की शर्तों और प्रविष्टियों की स्वीकृति प्रतीक स्वरूप निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ के अंत में हस्ताक्षर करने चाहिये ।
15. इच्छुक निविदाकार को बयाना/अमानत राशि के रू. 140000/–डीडी/बैंकर चैक के साथ जमा कराने होंगे अन्यथा टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा । अमानत राशि के लिए चैक/एडी स्वीकार नहीं होगी ।
16. ठेकेदार को ठेके की कुल राशि की 5 प्रतिशत प्रतिभूति/धरोहर राशि के रूप में कार्यादेश के 7 दिन में जमा करानी होगी । धरोहर राशि प्रतिभूति राशि में सम्मिलित की जा सकेगी । यह प्रतिभूति की रकम अनुबध अवधि के संतोषप्रद ढंग से सम्पादित होने की स्थिति में अनुबंध अवधि की समाप्ति की तारीख से दो माह पश्चात् लिखित प्रार्थना पत्र पर लौटाई जा सकेगी । ऐसी प्रतिभूति की रकम पर विश्वविद्यालय द्वारा कोई ब्याज नही दिया जायेगा।

17. सफल निविदाकार को निर्धारित प्रारूप में राशि रू. 500 के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर कार्यादेश के सात दिन में करार निष्पादित करना होगा । स्टॉम्प पेपर स्वंय निविदादाता को लाना होगा । यदि निविदाकार सात दिवस में प्रतिभूति राशि जमा कराने या वांछित कालावधि में करारनामा निष्पादित करने में विफल रहने को नियमों एवं शर्तो का उल्लंघन किया जाना माना जायेगा और धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी ।

18. ठेके की अवधि के दौरान विवादास्पद स्थिति में कुलसचिव, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर का निर्णय अन्तिम होगा एवं ठेकदार को मान्य होगा ।

19. ठेके की शर्तों का उल्लंघन करने पर बिना नोटिस पर ठेका निरस्त किये जाने का पूर्ण अधिकार कुलसचिव को आरक्षित रहेगा ।

20. पौधे नष्ट होने पर निविदादाता को उतनी ही उंचाई व उसी प्रजाति का पौधा अनुकूल मौसम आने पर अपने स्तर पर 7 दिवस में लगाना होगा तथा निविदादाता का कार्य समाप्ति के अंत में प्रारम्भ में लगाये गये पौधे स्वस्थ एवं सही हालत में सम्भलवाने होंगे । निविदादाता द्वारा यदि नष्ट हुआ पौधा 7 दिवस में नहीं बदला गया तो पौधे की कीमत सहित उस पौधे पर किया गया समस्त व्यय जी–शड्यूल की निर्धारित मय साधारण दर सहित राशि निविचदादाता से वसूल की जावेगी ।

21. संधारण की कार्य राशि का भुगताान प्रत्येक माह बाद किया जायेगा ।

22. संधारण के दौरान यदि संवेदक की लापरवाही या गलती से 10 प्रतिशत से अधिक पौधे नष्ट हो जाते हैं तो यह माना जावेगा कि निविदादाता द्वारा किया जा रहा संधारण का कार्य संतोषप्रद नहीं है और उस माह का कोई भुगतान देय नहीं होगा । निविदादाता से यह कार्य वापस लिया जा सकेगा तथा निविदादाता की धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।

23. संवेदक को निर्देशानुसार पेड व पौधों की प्रतिविर्ष एक विशेष आकृति में ट्रिमिंग प्रूनिंग करनी होगी । साथ ही पौधों की फाईन जेट द्वारा निर्देशानुसार धुलाई भी करनी होगी । जिसका कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा ।

24. संवेदक को उद्यानों के रखरखाव के दौरान जी–शिड्यूल में दर्शाए गए कार्यों के अनुसार एवं उद्यान अधीक्षक के निर्देशानुसार कार्य करना होगा ।

25. ठेकेदार को वर्ष के साधारण के पश्चात् यह सुनिश्चित करना होगा कि उन पेडों की उंचाई का पेड सम्भलवाना होगा जिससे आगे संधारण की आवश्यकता नहीं रहे ।

26. बागवानी कार्य हेतु समस्त बागवानी उपकरण गैंती, फावडा, तगारी, खुरपी, पानी देने हेतु पाईप, कैंची, कुल्हाडी, घास काटने की मशीन इत्यादि की व्यवस्था निविदादाता को करनी होगी जिसका पृथक से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।

27. निविदादाता/संस्थान को बागवानी कार्य हेतु लगाये गये बागवान श्रमिकों का पुलिस सत्यापन कराना होगा एवं उसकी एक प्रति उद्यान अधीक्षक को जमा करानी होगी । बागवान श्रमिक को फोटो पहचान पत्र जारी करना होगा जिसे श्रमिक कार्य पर उपस्थिति के दौरान अपने गले में लटकाये रहेगा । बिना पहचान पत्र एवं यूनिफार्म के कार्य नहीं करने दिया जावेगा ।

28. विश्वविद्यालय परिसर में बागवानी कार्य हेतु न्यूनतम 25 श्रमिक और 03 बागवान लगाने होंगे । जिनका कार्य उद्यान अधीक्षक के निर्देशानुसार नियत किया जायेगा ।

29. निविदादाता के कार्मिक अथवा प्रतिनिधियों द्वारा वि.वि. के भवन की चल–अचल सम्पति को क्षति/हानि पहुंचाने गबन/चोरी करने पर निविदादाता के मासिक बिल अथवा जमा सिक्यूरिटी राशि में से उसकी वसूली की जावेगी इस प्रकार किसी अतिथि के सम्मान आदि की होने वाली हानि के संबंध में भी उक्त कार्यवाही की जावेगी और आवश्यक हुआ तो पुलिस अथवा न्यायिक कार्यवाही की जावेगी ।

30. श्रमिकों से संबंधित समस्त कार्मिक विधिक एवं व्यक्तिगत जिम्मेदारी निविविदादाता की ही होगी तथा किसी भी प्रकार से राज्य सरकार/म.द.स.वि.वि. अपरोक्ष रूप से इसके जिम्मेदार नहीं होंगे ।

31. यदि निविदादाता ऐसी शर्तें आरोपित करता है तो उक्त कार्यों एंव शर्तों के अतिरिक्त है या उनके विरोध में है तो उसकी निविदा को संक्षिप्त रूप से कार्यवाही कर रद्द किया जावेगा । इस संबंध में गठित कमेटी का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा ।

32. अनुबंध पर उपलब्ध कराए गए व्यक्ति/श्रमिक निर्धारित वर्दी में कार्य करेंगे जो संबंधित फर्म/संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी जिसके लिए अलग से कोई राशि नहीं दी जावेगी । बिना वर्दी के उक्त स्टाफ को कार्य करने की अनुमति नहीं दी जावेगी ।

33. निविदादाता/फर्म के पास टेलिफोन/मोबाईल फोन की सुविधा होना आवश्यक है इस कार्यालय द्वारा सम्पर्क करने पर शीघ्र फोन अटेण्ड करना अपेक्षित है ।

34. समस्त कार्य भली–भांति तथा जिम्मेदारीपूर्वक योग्य प्रशिक्षित एवं अनुभवी व्यक्तियों से कराने का पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित फर्म/संस्थान ऐजेन्सी का होगा ।

35. निविदादाता फर्म/संस्थान के द्वारा उपलब्ध कराये गये व्यक्तियों के अवकाश पर जाने अथवा रहने पर उसकी ऐवज में दूसरे व्यक्ति की व्यवस्था करना निविदादाता फर्म की जिम्मेदारी होगी । ऐसी व्यवस्था के लिए अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा ।

36. सेवा प्रदान करने वाली फर्म को किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा ।

37. यह अनुबंध जोब बेसिस पर किया जा रहा है । अतः अनुबंध की अवधि के दौरान यदि राजस्थान श्रम विभाग की दों में वृद्धि/कमी की जाती है तो नियमानुसार देय होगी । श्रम अधिनियम उपनियम व अधिसूचनाएं आदि में दिए गए निर्देशों एवं श्रम नियमों की पालना करने की स्थिति में उसके दायित्वों के लिए निविदादाता स्वंय उत्तरदायी होगा ।

38. अनुबंध अवधि के दौरान श्रमिक के बीमार हो जाने, शीघ्र अस्पताल ले जाने, कोई दुर्घटना घटित हो जाने या श्रमिक की मृत्यु हो जाने आदि की पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी । इससे संबंधित किसी भी प्रकार का मुआवजा राशि का भुगतान निविदादाता फर्म द्वारा किया जावेगा ।

39. अनुबंध पर उपलब्ध कराये गये श्रमिक/बागवान कर्मचारियों–अधिकारियों से मधुरता का व्यवहार करेंगे । फर्म में किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर उस व्यक्ति को निविदादाता द्वारा शीघ्र बदलना होगा ।

40. न्यूनतम निर्धारित संख्या के अनुसार बागवान श्रमिक उपस्थित नहीं होने की दशा में राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की दर से अनुपस्थित बागवान श्रमिक के पारिश्रमिक के बराबर राशि देय नहीं होगी तथा उतनी ही राशि क्षतिपूर्ति स्वरूप निविदादाता से पृथक से वसूल की जावेगी । किसी भी बागवान श्रमिक का कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उद्यान अधीक्षक के निर्देश पर उस श्रमिक के स्थान पर तुरंत दूसरा बागवान श्रमिक लगाना होगा ।

41. निविदादाता यदि किसी नये बागवान श्रमिक को कार्य पर लगाता है तो उसकी सूचना स्वंय के द्वारा उद्यान अधीक्षक को दी जावेगी । 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिग बागवान श्रमिक को कार्य पर नहीं लगाया जा सकेगा.

42. जॉब बेसिस पर उपलब्ध कराये बागवान श्रमिकों को भुगतान प्रत्येक माह की 10 तारीख से पूर्व करना होगा एंव निविदादाता को यह प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रतिमाह के बिल के साथ संलग्न करना होगा कि भुगतान उपस्थिति के आधार पर सभी श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी की दर से कर दिया गया है । श्रमिक भुग्रतान प्राप्ति की रसीद की छायाप्रति आगामी बिल के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करनी होगी ।

43. जॉब बेसिस पर कार्य की अवधि कार्य प्रारम्भ होने के दो वर्ष की होगी । परंतु प्रारम्भ के कार्य आदेश 3 माह के लिए दिये जावेंगे और कार्य संतोषजनक पाये जाने पर छः–छः माह की अभिवृद्धि की जावेगी ।

44. निविदादाता द्वारा जॉब बेसिस पर उपलब्ध कराये गये बागवान श्रमिकों को वेतन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित वेतन मजदूरी की परिधि में किया जाना अनिवार्य होगा । म.द.स.वि.वि., अजमेर सेवाओं के प्रतिफल एवं निविदा की शर्तों के आधार पर सफल निविदादाता/संस्था को नियमानुसार टीडीएस बैंक कमीशन कटौती के पश्चात् बैंक के माध्यम से भुगतान निविदादाता के खाते में किया जावेगा तथा कार्य करने वाले श्रमिकों के वेतन की पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की ही होगी तथा म.द.स.वि.वि. अजमेर परीक्ष/अपरोक्ष रूप से इसके उत्तरदायी नहीं होंगे ।

45. उद्यानों एवं पेडों के वार्षिक रख–रखाव की दर संविदा दो वर्ष के लिए की जा रही है एवं संवेदक द्वारा उक्त कार्यकाल में अच्छा कार्य किए जाने पर संधारण की अवधि सक्षम अधिकारी की स्वीकृति पश्चात् नियमानुसार बढाई जा सकती है ।

46. बिना कारण बताये कुलसचिव को निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा ।

47. उद्यान क्षेत्र में लगे हुए समस्त गमलों पर रंग रोगन (समोसम टेराकोटा) नियमित रूप से आवश्यकतानुसार करना होगा। रंग रोगन की व्यवस्था संवेदक को अपने स्तर पर करनी होगी ।

48. निविदा में अंकित समस्त कार्य यथा समय पर संवेदक को करने होंगे । निविदा में अंकित दरों के अतिरिक्त अन्य कोई अतिरिक्त राशि देय नहीं होगी ।

49. नियमानुसार बिलों में करों की कटौती की जावेगी ।

50. RTPP Act 2012 व RTPP Rules 2013 के समस्त प्रावधान लागू होंगे ।

51. प्रथम अपील अधिकारी – कुलसचिव, म.द.स.वि.वि., अजमेर ।
द्वितीय अपील अधिकारी– कुलगुरू, म.द.स.वि.वि., अजमेर ।

52. संवेदक को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ, ई.एस.आई., जमा कराना होगा, जिसमें नियोजित श्रमिकों की मजदूरी राशि से कटौती और संवेदक का अंशदान शामिल होगा । संवेदक द्वारा अपने आगामी माह के बिलों के साथ गत् माह के पेटे श्रमिकों के ई.पी.एफ, ई.एस.आई. के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में संबंधित चालान की प्रति एवं दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल/बिलों का भुगतान किया जायेगा ।

53. संवेदक द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर वस्तु एवं सेवा कर (GST) की राशि अतिरिक्त रूप से देय होगी । सभी प्रकार के करों को जमा करवाने की जिम्मेदारी संवेदक की होगी । संवेदक द्वारा गत् माह में जमा कराये गये वस्तु एंव सेवा कर (GST) के चालान उसकी प्रति आगामी माह के बिल के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न की जायेगी। वस्तु एवं सेवा कर (GST) की राशि जमा कराने के प्रमाण स्वरूप चालान की प्रति प्रस्तुत नहीं किए जाने पर आगामी माह के बिल में वस्तु एंव सेवा कर (GST) का भुगतान नहीं किया जायेगा । उक्त स्थिति में वस्तु एवं सेवा कर (GST) के सम्बंध में उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के दायित्व के निर्वहन का उत्तरदायित्व संवेदक का होगा ।

54. वि.वि. द्वारा आयोजित विभिन्न समारोह हेतु प्रभारी/उद्यान अधीक्षक के निर्देशानुसार गमलों में पौधे लगाकर तैयार करने होंगे ।

55. निविदा दाता द्वारा वि.वि. में बायोमेट्रिक मशीन स्थापित कर उपलब्ध कराये गये श्रमिकों एवं बागवानों की प्रतिदिन बायोमेट्रिक उपस्थित उद्यान निरीक्षक को देनी होगी तथा उद्यान अधीक्षक द्वारा आवंटित कार्य को समय पर पूण

हस्ताक्षर निविदा दाता

नाम :

पद :

कम्पनी/फर्म/एजेन्सी नाम :

कम्पनी/फर्म/एजेन्सी पूर्ण पता :

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर
परिसर स्थित समस्त उद्यानों के वार्षिक रख–रखाव
अध्याय–1
बिड आमंत्रण

1. महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,अजमेर परिसर स्थित समस्त उद्यानों के वार्षिक रख–रखाव एवं बागवानी का कार्य अनुबंध पर करवाने हेतु उद्यानिकी में पंजीकृत फर्मों से ई–बिड आमंत्रित की जाती है।
2. ई–बिड विहित बिड प्रपत्र में निर्धारित प्रक्रियानुसार प्रस्तुत करनी होगी।
3. ई–बिड सूचना राज्य सरकार के नियमों के अनुसार समाचार पत्रों में जारी करने के साथ राजस्थान सरकार की अधिकृत वैबसाइट https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in. विश्वविद्यालय की वैबसाइट https://mdsuajmer.ac.in.पर प्रकाशित कर दी गई है।
4. ई–बिड प्रपत्र उक्त वैबसाईटों पर उपलब्ध है जो कि इच्छुक फर्मों द्वारा ऑन लाईन पोर्टल पर भरा जाकर डाउनलोड किया जा सकता है।
5. बोलीदाता से अपेक्षित है कि वह ऑनलाईन पार्टल पर ई–बिड भरने व अपलोड करने एवं ऑन लाईन पोर्टल पर भरा जाकर उसकी हार्ड कॉपी जमा करवाने से पूर्व सम्पूर्ण बिड प्रपत्र का भली भांति अध्ययन कर ले तथा विश्वविद्यालय के परिसर का निरीक्षण कर ले। इस संबंध में किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण हेतु बिड प्रस्तुत करने से पूर्व उपकुलसचिव–सामान्य प्रशासन से सम्पर्क किया जा सकता है। तथापि विश्वविद्यालय किसी प्रकार के लिखित स्पष्टीकरण हेतु बाध्य नहीं है।
6. बोलीदाता, पूर्ण रूप से ई–निविदा की संलग्न E से P तक भरी हुई तकनीकी बिड की हार्ड कॉपी मय समस्त वांछित प्रपत्रों/संलग्नकों के, बिड प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय में, बिड सूचना में अंकित स्थान पर उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव–सामान्य प्रशासन के पास जमा करवाना सुनिश्चित करवायेगा। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त बिड पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. बोलीदाता द्वारा बिड के साथ अथवा उससे पूर्व बिड शुल्क एवं अमानत/**बयाना** धन राशि विहित रूप में जमा करानी अनिवार्य है जिसके बिना बिड निरस्त समझी जायेगी। तथापि, यदि बोलीदाता किसी प्रकार की नियमानुसार छूट चाहता है तो उसे बिड में उसका उल्लेख करते हुये संबंधित प्रपत्रों की स्व–सत्यापित प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए अन्यथा उक्त बिड को छूट के योग्य नहीं समझा जायेगा।
8. विभाग द्वारा समय पर प्राप्त ऑनलाईन बिडों को, बिड सूचना में दर्शाये गये समय एवं दिनांक को विभागीय उपापन समिति तथा उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष खोला जायेगा। सर्वप्रथम ऑनलाईन तकनीकी बिडें खोली जायेगी तथा तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् तकनीकी रूप से सफल बोलीदाताओं की वित्तीय बिड संबंधित कम्पनी, फर्म एवं एजेन्सी के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी जिसका दिनांक, समय व स्थान बोलीदाताओं को सूचित कर दिया जाएगा।
9. बोलीदाता द्वारा बिड निर्धारित प्रारूप मय अनुलग्नकों के तथा प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर व मोहर लगाकर प्रस्तुत करेगा।
10. विभाग को किसी भी बिड को, पूर्ण अथवा भाग को, स्वीकार अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। अस्वीकृत/निरस्त बिडों के बोलीदाताओं से कोई विचार विमर्श नहीं किया जायेगा।
11. बिड प्रपत्र में बतायी गई शर्तों के अतिरिक्त बोलीदाता की कोई भी अन्य शर्तें स्वीकार नहीं की जावेगी।
12. तकनीकी बिड में बिड प्रपत्र (भरा हुआ), बिड –शर्तों की स्वीकार्यता के रूप में बिड की प्रति, समस्त सामान्य एवं तकनीकी जानकारी, बिड मूल्य, बोली प्रतिभूति, प्रमाण पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां इत्यादि रखी जानी चाहिये।
13. वित्तीय बिड में केवल वित्तीय बिड प्रपत्र के अनुसार होनी चाहिये।
14. तकनीकी तथा वित्तीय बिड का प्रत्येक पृष्ठ बोलीदाता के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित तथा कम्पनी/एजेन्सी/फर्म की मोहर लगा होना चाहिये।
15. बिड एवं संलग्न प्रपत्र हिन्दी अथवा अंग्रेजी (English) भाषा में होने चाहिये।

16. बोलीदाता बिड प्राप्त करने, भरने, विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने तथा स्पष्टीकरण यदि कोई हो, प्रस्तुत करने के दौरान होने वाले समस्त खर्चे स्वयं वहन करेगा। इस हेतु विभाग द्वारा कोई भी राशि देय नहीं होगी।

17. बोलीदाता से यह अपेक्षित है कि उसे कार्य की साईट, बिड की शर्तों एवं अन्य समस्त स्थानीय कानूनों एवं परिस्थितियों का पूर्ण ज्ञान होगा। ऐसा न होने पर होने वाले नुकसान और/अथवा अन्य प्रभाव के लिये बोलीदाता स्वयं जिम्मेदार होगा तथा विभाग किसी क्षतिपूति के लिये उत्तरदायी नहीं होगा।

18. बिड, प्रस्तुत किये जाने की आखिरी दिनांक के पश्चात् 90 दिवस तक वैध होगी।

19. विश्वविद्यालय द्वारा तकनीकी बिड को उपापन समिति एवं बोलीदाता कम्पनी/एजेन्सी/ फर्म के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष प्रकाशित बिड में इंगित तकनीकी बिड खोले जाने के दिनांक एवं समय पर खोला जायेगा। **निर्धारित प्रपत्र व समय पर प्राप्त ऑनलाईन** तकनीकी बिड का मूल्यांकन उपापन समिति द्वारा किया जायेगा। जिसमें ऐसी बिड जो सम्पूर्ण हो तथा **अध्याय–v** Rule 38 व 39 में वर्णित तकनीकी अर्हताएं पूरी करती हो, को तकनीकी रूप से स्वीकृत बिड घोषित किया जावेगा। जो बिड अपूर्ण हो अथवा तकनीकी अर्हताएं पूरी नहीं करती हो उन्हे अस्वीकृत घोषित कर निरस्त कर दिया जायेगा।

20. तकनीकी रूप से स्वीकृत बोलीदाताओं की वित्तीय बिड को उपापन समिति तत्संबंधित बोलीदाता कम्पनी/एजेन्सी/फर्म के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा, जिस हेतु दिनांक समय एवं स्थान की सूचना तत्संबंधित बोलीदाता/कम्पनी/फर्म को बिड में बताये गये पते पर दे दी जायेगी।

21. बोलीदाता वित्तीय बिड (BOQ) में कुल (श्रमिकों को देय पारश्रमिक+ई.पी.एफ. प्रतिशत+ई.एस.आई. प्रतिशत+सामग्री व उपकरण किराया राशि एवं सर्विस चार्ज) दरें अंकित करेगा। प्रत्येक भवन हेतु एक उद्यानों का रख–रखाव हेतु आवश्यकतानुसार कर्मी सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक अनिवार्यतः नियुक्त करना होगा।

कुलसचिव,
म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर
परिसर दद्यानों का रख–रखाव व्यवस्था
अध्याय –3
पात्रता के मानदण्ड (Eligibility Criteria)

1. कम्पनी/एजेन्सी/फर्म के निदेशकों/कम्पनी सचिव/प्रोपराईटरों/साझेदारों/मालिक के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा बिड भरी जाने की अवस्था में उस व्यक्ति को बिड भरने हेतु निदेशकों/कम्पनी सचिव/प्रोपराईटरों/साझेदारों/मालिक द्वारा अधिकृत किया जाने वाले दस्तावेज की प्रति प्रस्तुत करनी होगी जो कम्पनी/एजेन्सी/फर्म के निदेशकों/कम्पनी सचिव,/प्रोपराईटरों/साझेदारों/मालिक फर्म के निदेशको/कम्पनी सचिव प्रोपराईरों/साझेदारों/मालिक द्वारा सत्यापित होनी चाहिये।
2. कार्यानुभव – ठेकेदारों/बोलीदाताओं को सरकारी/अर्द्ध सरकारी/स्वायत्तशासी निकाय/बोर्ड/विश्वविद्यालय कार्यालय की साफ–दद्यानों का रख–रखाव करवाने का गत 03 वर्षों में कुल न्यूनतम रूपये 30.00 लाख (औसत वार्षिक तीन वित्तीय वर्षों का रूपये 30.00 लाख) का **(Annexure-K)** में संलग्न करना होगा) संस्था द्वारा जारी संतोषप्रद कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें। **(केवल कार्यादेश (Work Order) मान्य नहीं होगा।)**
3 कम्पनी/एजेन्सी/फर्म का प्रारूप :– बोलीदाता कम्पनी/एजेन्सी/फर्म का पिछले तीन वर्षों (2022–23, 2023–24 एवं 2024–25) में औसत वार्षिक राशि **न्यूनतम रूपये 30.00** लाख का टर्नऑवर रहा हो जिसका **सी. ए. द्वारा जारी** प्रमाण पत्र संलग्न करावें। **(Annexure-G)**
4 बिड मूल्य :– बोलीदाताओं को बिड प्रपत्र के साथ निर्धारित बिड मूल्य आवश्यक रूप से जमा करवाया जाना है जिसके बिना बिड निरस्त समझी जायेगी। तथापित कोई बोलीदाता बिड शर्तों के अनुरूप बिड मूल्य में छूट पाना चाहता है तो उसे बिड में इसका उल्लेख करते हुये समस्त आवश्यक प्रपत्र बिड के साथ संलग्न करने होगें जिनके बिना उसे छूट का पात्र नहीं समझा जायेगा। उक्त दस्तावेज ऑनलाईन भी ई–बिड पर अपलोड करने होंगे।
5 बोली सुरक्षा राशि (अर्नेस्ट मनी) :–ठेकेदारों/बोलीदाताओं को **Bid Security Money 2% of Bid Value** आवश्यक रूप से जमा करवाना है। इसके अभाव में बिड निरस्त समझी जावेगी। तथापि कोई बोलीदाता बिड शर्तों के अनुरूप सुरक्षित धन राशि में छूट पाना चाहता है तो उसे बिड में इसका उल्लेख करते हुये समस्त आवश्यक प्रपत्र बिड के साथ संलग्न करने होंगे जिनके बिना उसे छूट का पात्र नहीं समझा जायेगा।
6 बोलीदाता रूपये 100/– के Non-Judicial Stamp पर निर्धारित प्रारूप **(Annexure- F & H)** में Notarised Undertaking प्रदान करेगा जिसमें:–
   1. वह स्पष्ट रूप बिड के साथ लगाये गये प्रपत्रों/दस्तावेजों के सत्य होने का उल्लेख करेगा।
   2. बोलीदाता कम्पनी/एजेन्सी/फर्म/केन्द्र/राज्य सरकार अथवा किसी भी सरकारी उपक्रम द्वारा Black Listed/Debar/Convicted घोषित नहीं किया गया है।
   3. वांछित कार्य/जॉब का **बोनोफाईड डीलर/सेवा प्रदाता** होने का प्रमाण पत्र।
   4. निविदा शर्तों से सहमति बाबत।
7 आयकर विभाग द्वारा जारी पेन कार्ड की फोटो प्रति संलग्न करनी होगी।
8 कम्पनी/फर्म की स्थिति में सक्षम सत्ता का पंजीकरण की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना है।
9. GST पंजीयन की प्रति एवं गत वर्ष का GST चुकता प्रमाण (GSTR-9 अथवा नवीनतम GSTR-3 B with ARN) की प्रति संलग्न करावे।
10. कम्पनी/ऐजेन्सी/फर्म को उद्यानों का रख–रखाव संबंधी सेवा के कार्यानुभव का कम से कम तीन वर्ष का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। निविदादाता का कार्य प्रदर्शन शिकायतन प्रवृत्ति का नहीं होना चाहिये।

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

अध्याय –4

बिड सुरक्षा राशि (Bid Security)

बोलीदाता द्वारा तकनीकी बिड के साथ बिड अमानत राशि निम्न शर्तों के अन्तर्गत जमा करवाया जाना अपेक्षित है :–

1 ठेकेदार/बोलीदाता द्वारा बिड में अभिलिखित किये अनुमानित मूल्य का 2% (दो प्रतिशत) बोली सुरक्षा राशि बिड के साथ जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। बिना बोली प्रतिभूति राशिके बिड पर विचार नहीं किया जाएगा।

2. बोलीदाता द्वारा निर्धारित अवधि में ऑनलाईन पोर्टल पर भरी गई तकनीकि निविदा की सूचित की गई हार्ड प्रति के साथ बोली प्रतिभूति राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट अथवा बैंकर्स चैक के रूप में कुलसचिव, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर को देय संलग्न करना होगा अन्यथा बिड पर विचार नहीं किया जावेगा।

3. सफल बोलीदाता से कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि करार के निष्पादन के समय डी.डी./ बैंकर चैक के माध्यम से ली जाएगी।

4. बिड अमानत घोषण पत्र देने के पश्चात् निम्नलिखित मामलों में कानूनी कार्यवाही की जावेगी व ब्लैक लिस्टेड घोषित कर दिया जाएगाः–

   1 जब बोलीदाता बिड को खोलने के बाद किन्तु बिड को स्वीकार किये जाने से पूर्व अपने प्रस्ताव को वापस ले लेता है या उसमें उपान्तरण करता है।

   2 यदि वह विनिर्दिष्ट समय के भीतर करार, का निष्पादन नहीं करता है

   3 जब वह विहित समय में कार्य प्रारम्भ करने में असफल रहता है।

   4 जब बोलीदाता बोली स्वीकृति आदेश देने के बाद कार्य सम्पादन अमानत जमा नहीं कराता है।

   5. संवेदक द्वारा विगत तीन वर्ष में पूर्व एवं अन्य संस्थानों में अपने द्वारा दद्यानों का रख–रखाव कार्य की संतोषजनक रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर
परिसर दद्यानों का रख–रखाव व्यवस्था
अध्याय –5
बिड की विधि

. यह बिड एक स्तरीय द्वि–लिफाफा सिस्टम आधारित है जिसमें प्रथम लिफाफा तकनीकी बिड का है तथा द्वितीय लिफाफा वित्तीय बिड का है। बिड की विधि निम्नानुसार है।

1 बोलीदाता द्वारा बिड निर्धारित समय पर ऑनलाईन पोर्टल पर भरकर उसकी हार्ड प्रति मय समस्त पत्रादि के साथ सील बंद लिफाफे में निर्धारित अवधि में बिड प्रपत्र राशि के डी.डी. /बैंकर चैक के साथ विश्वविद्यालय में उपकुलसचिव सामान्य प्रशासन कार्यालय में प्रस्तुत करेगा। लिफाफे पर बिड संख्या, दिनांक, विषय, बोलीदाता का नाम व पता, मोबाईल नम्बर भी अंकित करना होगा।

2 वित्तीय बिड प्रपत्र में केवल वित्तीय बिड दरें अंकित (BOQ) **(अध्याय –10 के अनुसार)** होनी चाहिये।

3 तकनीकी बिड का प्रत्येक पृष्ठ बोलीदाता के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित तथा कम्पनी/एजेन्सी/फर्म की मोहर लगा होना चाहिये।

4 बिड एवं संलग्न प्रपत्र हिन्दी अथवा अंग्रेजी (English) भाषा में होने चाहिये।

5 बोलीदाता बिड प्राप्त करने, भरने, विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने तथा स्पष्टीकरण यदि कोई हो, प्रस्तुत करने के दौरान होने वाले समस्त खर्चे स्वयं वहन करेगा। इस हेतु विभाग द्वारा कोई भी राशि देय नहीं होगी।

6 बोलीदाता से यह अपेक्षित है कि उसे कार्य की साईट, बिड की शर्तों एवं अन्य समस्त स्थानीय कानूनों एवं परिस्थितियों को पूर्ण ज्ञान होगा। ऐसा न होने पर होने वाले नुकसान और/अथवा अन्य प्रभाव के लिये बोलीदाता स्वयं जिम्मेदार होगा तथा विभाग किसी क्षतिपूर्ति के लिये उत्तरदायी नहीं होगा।

7 बिड प्रस्तुत किये जाने की आखिरी दिनांक के पश्चात् 90 दिवस तक वैध होगी।

8 प्रकाशित बिड में इंगित ऑनलाईन पोर्टल पर भरी हुई तकनीकि बिड की हार्ड प्रति मय बिड प्रपत्र शुल्क राशि एवं समस्त प्रपत्र दस्तावेजो सहित अंतिम निर्धारित तिथि को विश्वविद्यालय तकनीकी बिड प्रस्तुत किये जाने के अंतिम दिनांक समय के पश्चात् प्राप्त बिड विलम्बित मानी जायेगी तथा उनको खोले बिना संबंधित फर्मों को लौटा दिया जायेगा।

9 विश्वविद्यालय द्वारा तकनीकी बिड को उपापन समिति एवं बोलीदाता कम्पनी/एजेन्सी/ फर्म के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष प्रकाशित बिड में इंगित तकनीकी बिड खोले जाने के दिनांक एवं समय पर खोला जायेगा। तकनीकी बिड का मूल्यांकन उपापन समिति द्वारा किया जायेगा। जिसमें ऐसी बिड जो सम्पूर्ण हो तथा अध्याय 3 में वर्णित तकनीकी अर्हताएं पूरी करती हो को तकनीकी रूप से स्वीकृत बिड घोषित किया जावेगा। जो बिड अपूर्ण हो अथवा तकनीकी अर्हताएं पूरी नहीं करती हो उन्हे अस्वीकृत घोषित कर निरस्त कर दिया जायेगा।

10. तकनीकी रूप से स्वीकृत बोलीदाताओं की वित्तीय बिड को उपापन समिति तत्संबंधित बोलीदाता कम्पनी/एजेन्सी/फर्म के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा, जिस हेतु दिनांक समय एवं स्थान की सूचना तत्संबंधित बोलीदाता/कम्पनी/फर्म को बिड में बताये गये पते पर दे दी जायेगी।

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर
परिसर स्थित उद्यानों का रख–रखाव
अध्याय –6
अपात्रता

➔ बोली निम्न कारणों से अपात्र घोषित की जा सकती है :–

1 बिड सूचना में प्रकाशित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त हुई ऑनलाईन बिड की हार्ड प्रति ।

2 बिना बिड प्रपत्र शुल्क एवं Bid Security Money (2% of Bid Value) के जमा ऑनलाईन बिड की हार्ड प्रति यदि इनमें छूट चाही गई है तो इसके लिये पात्रता साबित करने के लिये आवश्यक प्रपत्र/दस्तावेजों की स्व सत्यापित प्रतियों के बिना प्राप्त बिड।

3 विभाग द्वारा चाहे गये स्पष्टीकरण को न प्रदान कर पाना/तय समय से देरी से प्रदान करना।

4 एक से ज्यादा बिड प्रस्तुत करना। ऐसा होने पर फर्म द्वारा भरी गयी समस्त बिड तकनीकी मूल्यांकन में निरस्त की जा सकेगी।

5. अपूर्ण व सशर्त बिड प्रस्तुत करना। वांछित दस्तावेज संलग्न न करना आदि

6 तकनीकी अर्हताओं का पूर्ण न कर पाना

7 बोलीदाता अथवा उसके किसी प्रतिनिधि का अवांछित रूप से प्रभाव डालना/डलवाना, विवाद इत्यादि करना, रिश्वत इत्यादि का प्रस्ताव करना अथवा गैर कानूनी रूप से तुष्टीकरण करना।

8 अल्प वैद्यता वाली बिड प्रस्तुत करना।

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर
परिसर स्थित उद्यानों का रख–रखाव
अध्याय –7
बिड का मूल्यांकन एवं अनुबन्ध

➔बिड का मूल्यांकन निम्नानुसार होगा :–

1 ऑनलाईन बिड की तकनीकी बिड, बिड–सूचना में प्रकाशित अंतिम तिथि एवं समय तक प्राप्त होने वाली समस्त बिड उपापन समिति एवं कम्पनी/एजेन्सी/फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष निर्धारित तिथि एवं समय को खोली जावेगी। उक्त तिथि/समय में परिवर्तन होने पर नवीन तिथि की सूचना प्रदान कर दी जायेगी।

2 ऑनलाईन बिड की समस्त ऑनलाईन वित्तीय बिड विभागीय उपपान समिति के सदस्यों एवं सफल कम्पनी/एजेन्सी/फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

3 तकनीकी बिड खुलने के बाद इनको तकनीकी रूप से मूल्यांकन किया जायेगा। आवश्यकता समझने पर बोलीदाताओं से उनके द्वारा प्रस्तुत तकनीकी बिड में प्रस्तुत किये गये किसी भी प्रपत्र/दस्तावेज पर स्पष्टीकरण भी मांगा जा सकता है जिसे बोलीदाताओं को तय समय सीमा में विभाग के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। बोलीदाताओं द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभागीय उपापन समिति का होगा। बोलीदाता स्पष्टीकरण के जवाब में कोई भी नवीन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करेगा। ऐसा करने पर नवीन दस्तावेज मान्य नहीं होगा।

4 तकनीकी बोली के मूल्यांकन के पश्चात् अपूर्ण अथवा तकनीकी अर्हता पूर्ण नहीं करने वाली बिडों को अस्वीकार करते हुये अमान्य घोषित कर दिया जायेगा। तथा अन्य सभी सफल बिडों को स्वीकार करते हुये उन की वित्तीय बिड खोली जायेगी। न्यूनतम दर/अव्यवहारिक दर पर कार्यादेश जारी करने के लिए विश्वविद्यालय बाध्य नहीं है।

5 प्राप्त दरों के आधार पर न्यूनतम दर प्राप्त बोलीदाता को प्रथम तीन माह के लिए प्रोविजनल कार्यादेश दिया जावेगा फर्म का तीन माह का कार्य प्रदर्शन संतोषजनक होने पर ही शेष अवधि के लिए स्थाई कार्यादेश दिया जाएगा। बोलीदाता द्वारा कार्यादेश को स्वीकार करने के साथ विभाग में कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा करवाते हुये तत्संबंधित समय पर प्रचलित कानून/नियमों के अनुसार राशि रू. 500/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र प्रस्तुत करना होगा। अनुबंध एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति तय सीमा में प्रस्तुत करनी होगी।

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर
परिसर स्थित उद्यानों का रख–रखाव
अध्याय –8
कार्य सम्पादन प्रतिभूति एवं क्षतिपूर्ति राशि
(Performance Security and Liquidated Damages)

कार्य सम्पादन प्रतिभूति (Performance Security) निम्नानुसार होगा :–

1 कार्य सम्पादन प्रतिभूति सफल बोलीदाताओं द्वारा कार्य आदेश की राशि का 5 प्रतिशत के बराबर कार्य सम्पादन प्रतिभूति आदेश की दिनांक से 07 दिवस में जमा करानी होगी।

2 कार्य सम्पादन प्रतिभूति किसी अनुसूचित बैंक का ड्राफ्ट या बैंकर चैक किसी एक रूप में दी जायेगी।

3 कार्य सम्पादन प्रतिभूति का समपहरण (Forfieture of Performance Security) :–
निम्नलिखित मामलों में प्रतिभूति राशि का समपहृत कर लिया जाएगा :–
1. जब संविदा में किन्हीं निबंधनों और शर्तों का उल्लघंन किया गया हो।
2. जब बोलीदाता कार्य संतोषजनक ढंग से करने में असफल रहता हो।
3. जमा कराई गई प्रतिभूति निक्षेप को समपहृत करने से पूर्व युक्तियुक्त समय देते हुये बोलीदाता को नोटिस दिया जाएगा।
4. बयाना राशि/प्रतिभूति निक्षेप की समपहृत की गई राशि संबंधित विभाग के शीर्ष अन्य प्राप्तियों में जमा करायी जाएगी तथा अन्तरण प्रविष्टि की व्यवस्था के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

4 प्रतिभूति निक्षेप का प्रतिदाय :– अनुबंध की अवधि समाप्त होने के तीन माह पश्चात् प्रतिभूति निक्षेप बोलीदाता को लौटा दिया जावेगा।

5 हर्जाना/शास्ति :– किसी माह में उद्यानों का रख–रखाव व्यवस्था का कार्य अपूर्ण या असंतोषजनक रहने की स्थिति में हर्जाना/शास्ति निविदा की शर्तों के बिन्दु संख्या 9 के अनुसार उस माह के बिल में से काट ली जावेगी।

6 संविदा की अवधि में बोलीदाता किसी भी कारणवश की उद्यानों का रख–रखाव कार्यों को कराने में असमर्थ रहता है तो उस अवधि का भुगतान देय नहीं होगा।

7 बोलीदाता से वसूली की जाने योग्य राशि की वसूली उसको देय बिल में से की जायगी। शास्ति की राशि अधिक होने पर आगामी माह के बिल से वसूली की जा सकेगीं एवं आगामी माह का बिल देय नहीं होने की स्थिति में कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि में से भी की जा सकेगी।

8 बोलीदाता से वसूल की जाने योग्य राशि कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि से अधिक होने पर मांग पत्र जारी करने पर डी.डी./बैंकर चैक से इस कार्यालय मेंजमा करानी होगी। इस मांग पत्र पर जमा नहीं कराने पर पी.डी.आर. एक्ट के तहत् वसूली की जा सकेगी।

9 बोलीदाता वित्तीय बिड (BOQ) में भवन विवरण में अंकित समूह के अनुसार पृथक–पृथक प्रस्तावित दरें अंकित करेगा। इस व्यवस्था से इस कार्य का ठेका एक या एक से अधिक बोलीदाता संवदेक को भी स्वीकृत हो सकेगा।

